पी.टी.ई.टी. - 2025

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

प्रवेश दिशा-निर्देशिका

2 वर्षीय बी.एड. एवं 4 वर्षीय बी.ए.बी.एड. / बी.एससी.बी.एड प्रवेश परीक्षा 2025

प्रो. कैलाश सोडाणी
मुख्य समन्वयक एवं कुलपति
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

डॉ. एस. के. कुलश्रेष्ठ
सह-समन्वयक

डॉ. आलोक चौहान
समन्वयक

कार्यालय

समन्वयक, पी.टी.ई.टी.-2025
आर्यभट्ट भवन, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,
रावतभाटा रोड, कोटा (राज.) 324010
दूरभाष : 0744-2471156, 0744-7965448, मो: 6367026526
वेबसाइट : ptetvmoukota2025.com Email- ID: ptet2025@vmou.ac.in

4 वर्षीय बी.ए. बी.एड / बी.एससी. बी.एड. कोर्स में प्रवेश हेतु नियम

1. राजस्थान के बी.ए. बी.एड/बी.एससी. बी.एड महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु पी.टी.ई.टी.-2025 परीक्षा करवाई जायेगी। वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। जिसका शुल्क 500/- रुपये है। अभ्यर्थी आवेदन दिनांक 05 मार्च से 07 अप्रैल, 2025 तक कर सकेंगे।
2. विज्ञान संकाय वाले अभ्यर्थी 4 वर्षीय बी.ए. बी.एड. एवं बी.एससी बी.एड. दोनों हेतु यदि आवेदन करते है तो उनका शुल्क 1000/- रुपये होगा।
3. वांछनीय योग्यता हेतु राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर अथवा समकक्ष बोर्ड से अभ्यर्थी ने उच्च माध्यमिक परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों एवं अनु. जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग वर्ग, विधवा, परित्यक्ता महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। न्यूनतम प्रतिशत में किसी भी प्रकार की छूट नही है (एक अंक की भी नहीं)।
4. कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण होने के पश्चात् दो या दो से अधिक वर्ष का नेशनल काउसिंल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) से मान्यता प्राप्त कोर्स उत्तीर्ण करने व माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान / राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल, जयपुर से 12वीं के लिये निर्धारित कोर्स के अनुसार अंग्रेजी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं तो उन्हें 12वीं उत्तीर्ण के समकक्ष माना जायेगा।
5. 4 वर्षीय बी.एससी. बी.एड. कोर्स में प्रवेश लेने के लिए उच्च माध्यमिक परीक्षा में विज्ञान संकाय होना आवश्यक है।
6. उच्च माध्यमिक परीक्षा में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय वाले अभ्यर्थी 4 वर्षीय बी.ए. बी.एड. कोर्स में प्रवेश लेने हेतु पात्र होंगे।
7. वे अभ्यर्थी जो उच्च माध्यमिक परीक्षा में इस वर्ष सम्मिलित हो रहे हैं वे भी इस शर्त पर परीक्षा दे सकते हैं कि उनका उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम काउंसलिंग में पंजीकरण की अन्तिम तिथि से पूर्व उपलब्ध होना चाहिए।
8. बीए.बी.एड/बी.एससी बीएड परीक्षा-2025 में प्राप्तांकों के आधार पर संकायवार एवं श्रेणीवार मेरिट लिस्ट बनाई जायेगी। जो पीटीईटी की वेबसाईट पर उपलब्ध होगी।
9. श्रेणीवार आरक्षण एवं मूल निवास हेतु शर्तें बी.एड. प्रवेश में दर्शाई शर्तों के अनुसार ही होगी।